सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज ,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६ -२७

कक्षा:-तीन- **विषय:हिंदी** **पाठ:२(मीठे बोल सभी को प्यारे)**

कठिन शब्द

१. विशाल

२. बहेलिया

३. सज्जन

४. दुष्ट

५. राहगीर

६. घृणा

७. दृष्टि

८. ग्राहक

९. प्रेम

१०. घोंसला

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए --

प्रश्न -१ मिट्ठू सज्जन व्यक्ति के पास रहकर क्या सीखने लगा ?

उत्तर - मिट्ठू सज्जन व्यक्ति के पास रहकर अच्छी -अच्छी बातें **और मीठे बोल** सीखने लगा।

प्रश्न -२ तोते के जोड़े ने बच्चों को आज़ाद कराने के लिए क्या किया ?

उत्तर - तोते के जोड़े ने बच्चों को आज़ाद कराने के लिए चुपके से पिंजरे के द्वार खोल दिए।

प्रश्न - ३ राहगीर को देखकर मिट्ठू ने क्या किया ?

उत्तर - राहगीर को देखकर मिट्ठू ने कहा कि -" अरे! कोई इन्हें पानी पिलाओ। बेचारे थके - हारे हैं। इन्हें कुछ खिलाओ - पिलाओ। ये हमारे मेहमान हैं।

प्रश्न -४ मीठे बोलों के बारे में पाठ में क्या बताया गया है ?

उत्तर - मीठे बोल कै बारे में पाठ में मीठी वाणी का महत्व बताते हुए जीवन में स**दगुणों** को अपनाने और दुर्गुणों से दूर रहने की प्रेरणा दी गई है।

निम्न शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ---

क) विशाल - बड़ा

वाक्य -- जंगल में जामुन का एक विशाल पेड़ था।

ख) दुष्ट - बुरा बर्ताव करने वाला

वाक्य -- हमें दुष्ट लोगों की संगत से **दूर रहना** चाहिए।

ग) घृणा - नफ़रत

वाक्य -- शांति **प्रिय** लोग हिंसा से घृणा करते हैं।

घ) प्रेम - प्यार

वाक्य -- हमारे मन में देश के प्रति **निःस्वार्थ** प्रेम होना चाहिए।